# भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला, अहमदाबाद
## Physical Research Laboratory, Ahmedabad

**विषय : पी.आर.एल. की राजभाषा कार्यान्वयन समिति (पुनर्गठित) की 62वीं बैठक ।**
**Sub : 62nd meeting of Official Language Implementation Committee (reconstituted) of PRL.**

भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला, मुख्य परिसर, अहमदाबाद की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 62वीं बैठक मंगलवार, 30 सितंबर 2025 को 1030 बजे से 1240 बजे तक वीडियो कॉन्फरेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई थी। कार्यालयाध्यक्ष एवं निदेशक, पीआरएल, प्रो. अनिल भारद्वाज ने इस बैठक की अध्यक्षता की। अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्रवाई शुरू हुई। उपस्थित सदस्यों ने पिछली बैठक के कार्यवृत्त की सर्वसम्मति से पुष्टि की। अध्यक्ष, रा.भा.का.स. ने राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में पीआरएल, अहमदाबाद द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की और भविष्य में भी इन्हें बनाये रखने का परामर्श दिया। कार्यालयाध्यक्ष महोदय ने पिछली तिमाही में अनुभागों के आंकड़ों की समीक्षा की एवं स्थिति नियमानुसार एवं संतोषजनक पाया। हिंदी माह समारोह 2025 को पूरे उत्साह के साथ मनाने एव बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। सितंबर माह के दौरान किए गए हिंदी कार्यों जैसे टिप्पण/पत्राचार आदि के लिए शुरू की गई विशेष प्रोत्साहन योजना में अधिकाधिक भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

बैठक में मानक कार्यसूची के अनुसार मदवार चर्चा हुई जो निम्ननुसार है:-

(i) धारा 3 (3) के अंतर्गत कागजात द्विभाषी जारी करना।
(ii) हिंदी में पत्राचार की स्थिति।
(iii) हिंदी में प्राप्त पत्रों का उत्तर हिंदी में दिया जाना।
(iv) फाइलों पर हिंदी में टिप्पण देना।
(v) हिंदी (भाषा, टंकण व आशुलिपि) का प्रशिक्षण।
(vi) वेबसाइट पूरी तरह से द्विभाषी बनाना और अद्यतन रखना।
(vii) विभागीय आई.टी. सिस्टमों में हिंदी में कार्य करने की सुविधा व इसका उपयोग सुनिश्चित कराना।
(viii) कोड/मैनुअल आदि पूरी तरह से द्विभाषी बनाना।
(ix) सभी कम्प्यूटरों पर द्विभाषी सुविधा (यूनिकोड में) उपलब्ध कराना।
(x) राजभाषा निरीक्षणों की स्थिति।
(xi) अनुभागों को अपना पूरा काम हिंदी में करने के लिए अधिसूचित करना।
(xii) मंत्रालय/विभाग से संबंधित अन्य विशेष मुद्दे।
(xiii) मंत्रालय/विभाग में हिंदी के प्रचार एवं प्रसार के लिए उपलब्ध साधनों, यंत्रों जैसे कम्प्यूटर, प्रिंटर्स, फैक्स आदि की समीक्षा।

(xiv) मंत्रालय/विभाग में रिक्त पदों एवं भविष्य में सृजित होने वाले पदों की समीक्षा।

(xv) मंत्रालय/विभाग में राजभाषा से संबंधित लोक शिकायतों की स्थिति की समीक्षा।

(xvi) राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति की समीक्षा।

**धन्यवाद ज्ञापन के साथ यह बैठक संपन्न हुई।**
**The Meeting ended with a vote of thanks.**










*बैठक की झलकियां*